तापमान

अधिकतम 30.8 डिग्री

न्यूनतम 09.2 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 18 दिसंबर 2025



14 धान खरीदी के नाम पर परेशान हैं किसान, कांग्रेसियों ने पूछी समस्या





16 सीएम विष्णुदेव ने केबिनेट मंत्रियों के साथ किया बोतलबंद पानी को लॉन्च






## सुबह 5 से 9 बजे तक लोगों को हुई आवागमन में परेशानी

# धुंध में डूबा दुर्ग जिला, अलसुबह पांच घंटे थम सा गया जनजीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई/सेलूद

सर्द मौसम के इस सीजन में बुधवार अलसुबह दुर्ग जिला धुंध में डूब गया। पांच घंटे तक धुंध की वजह से जनजीवन थम सा गया। सुबह 5 बजे से सुबह 9 बजे तक ऐसी स्थिति बन गई कि सामने पड़ोस का घर ही दिखाई नहीं दे रहा था। लोगों ने वाहन के हेडलाईट भी चालू कर दिए लेकिन उसके बाद भी दिखाई नहीं दे रहा था। 9 बजे के बाद धुंध झटना शुरू हुआ तब सूर्यदेव के भी दर्शन हुए। उसके बाद स्थिति सामान्य हो पाई। दुर्ग और भिलाई के आउटर एरिया सहित ग्रामीण इलाके में इस स्थिति रही। वहीं टाउनशिप, सुपेला, छावनी एरिया में हल्की धुंध छाई रही। भिलाई-3, चरोदा, अहिवारा, नंदिनी आदि क्षेत्रों में भी घना कोहरा छाया रहा।



### सुबह सड़कों पर पसरा सन्नाटा

धुंध की वजह से अलसुबह से सुबह 9 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सुबह 8 बजे से नौकरीपेशा और कामकाजी लोगों का सड़क पर सबसे ज्यादा आवाजाही रहती है लेकिन धुंध की वजह से ये लोग भी ठहरे हुए थे। जहां-तहां रूक कर धुंध छंटने का इंतजार दिखाई दिया। ऑटो और बड़े वाहन भी सड़कों पर नजर नहीं आए। चंद लोग अपने वाहन का हेडलाईट जलाकर कछुए की चाल से चलते मिले। हाल यह था कि घर के खिड़की-दरवाजे खोलने पर धुंध भीतर तेजी से प्रवेश कर रहा था इसलिए इसे बंद करने की जरूरत पड़ी।

### धान खरीदी केंद्रों में आई दिक्कत

दुर्ग, पाटन और धमधा किसान धान को लेकर के समितियां में पहुंच रहे थे उन किसानों को भी काफी परेशानी हुई। कुछ लोग कोहरे का आनंद लेने के लिए सड़कों पर निकले थे वहीं वाहन चालक के लिए यहां कोहरा मुसीबत बन रही थी। बताया जा रहा है कि इस तरह का घना कोहरा कई सालों बाद देखने को मिला है। दुर्ग, पाटन मार्ग पर स्कूल जाने वाले बच्चे तथा स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक कोहरे के कारण विलंब से भी पहुंचे। गाड़ियां काफी धीमी चल रही थी। स्कूली बच्चों को भी दिक्कतें आई। पालक अपने बच्चों को बड़ी मुश्किल से स्कूल तक लेकर पहुंचे। कई विद्यार्थी स्कूल ही नहीं आए।

### पारा 9.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

दुर्ग जिले का न्यूनतम तापमान बुधवार को 9.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के हिसाब से गुरुवार को भी धुंध की स्थिति बन सकती है। आने वाले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। शीतलहर की स्थिति भी बनी रहेगी। जिला पिछले 15 दिनों से शीतलहर की चपेट में है। मौसम में हर दिन उतार-चढ़ाव हो रहा है। जिसकी वजह से ठंड भी घटती-बढ़ती जा रही है।

### अलाव बन रहा सहारा

इन दिनों शीतलहर की वजह से ट्विनसिटी के लोग कड़ाके की ठंडी महसूस कर रहे हैं। लोग मार्केट व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाकर राहत पाने की कोशिश में है। वहीं नगर निगम भिलाई व दुर्ग भी सार्वनजिक एरिया में अलाव जला रहा है। तापमान में व्यापक उतार-चढ़ाव हो रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों के सेहत पर व्यापक असर पड़ने लगा है। लोग सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित प्राइवेट क्लीनिकों में इस सीजनल बीमारी के मरीज सबसे ज्यादा पहुंच रहे है। वहीं प्रशासन ने शीतलहर से बचने के लिए एडवायजरी भी जारी की है।

युवाओं को मिली नई जिम्मेदारी

# हिमांशु दुर्ग और सौरभ भिलाई के बने भाजयुमो जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी, कार्य समिति, जिलाध्यक्ष और महामंत्रियों की नई नियुक्ति कर दी गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव की सहमति के बाद भाजयुमो के 60 प्रदेश प्रभारी, 25 प्रदेश कार्यसमिति और विशेष आमंत्रित सदस्य के साथ 23 जिलाध्यक्ष और महामंत्रियों के नाम की सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची के मुताबिक भिलाई से प्रसम दत्ता को प्रदेश में स्थान दिया गया है। उन्हें प्रदेश खेल एवं कला सह प्रमुख बनाया गया है। जिलाध्यक्ष की बात की जाए तो भिलाई जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौरभ जायसवाल को दी गई है। विनय सेन को महामंत्री बनाया गया है।

दुर्ग जिले से हिमांशु सिंह को जिलाध्यक्ष और अनिकेत यादव को

■ महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी को मिली दोबारा जिम्मेदारी

महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष के रूप में भिलाई से स्वीटी कौशिक को दोबारा जिम्मेदारी दी गई है। वहीं दुर्ग की जिम्मेदारी तृप्ति चंद्राकर को दी गई है।

# साइकिल सवार को टक्कर मारने वाला वाहन चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

साइकिल सवार को टक्कर मारने वाले वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वार्ड 55 स्कूल पारा पुलगांव निवासी उपेंद्र साहू ने शिकायत की है कि वह अपने दोस्त चंद्रशेखर यादव के साथ साइकिल से दुर्ग की ओर जा रहा था। इसी दौरान जलाराम वाटिका के सामने मेन रोड पुलगांव के पास से वाहन सीजी 07 सीडब्लू 1128 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। हादसे में चंद्रशेखर यादव की मौत हो गई। आरोपी वाहन चालक खमरिया भाटा जुनवानी निवासी श्यामलाल कोसरे को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे जेल दुर्ग भेजा गया।



■ पुलगांव थाना क्षेत्र का मामला, भेजा जेल









हरिभूमि





# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछ्नी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण-** 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण –** 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण -** 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

**खबर संक्षेप**

### मित्र कुंभ 2025 समारोह का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग के पूर्व छात्र संघ द्वारा एक दिवसीय मित्र कुंभ 2025 पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और प्राचार्य, फैकल्टी समेत पूरे पॉलिटेक्निक परिवार को भावनात्मक रूप से जुड़े। यह आयोजन मुख्यतः सन 1975 बैच के स्वर्ण जयंती वर्ष और सन 2000 बैच के रजत जयंती वर्ष को समर्पित था। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से सन 1974 से 2023 तक के करीब 150 पूर्व छात्रों ने भाग लिया और कॉलेज से अपनी गहरी जुड़ाव का अनुभव साझा किया। एलुमिनी एसोसिएशन ने कॉलेज और वर्तमान छात्रों के उत्थान हेतु कई नई पहल की घोषणाएं भी की। संस्था के संरक्षक एवं प्राचार्य प्रकाश कुमार पांडे ने छात्रों को मार्गदर्शन दिया और एसोसिएशन की सफलता पर बधाई दी। अध्यक्ष डॉ. हिमानी अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. रचना सिंह ने किया।

### मंजूलता अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा गत दिनों वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टंक राम वर्मा उच्च शिक्षा मंत्री, प्रो. वीके गोयल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग और सुशील चंद्राकर कुलाधिपति भारती विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा मंजुलता अग्रवाल डायरेक्टर अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

### सामान्य सभा की बैठक 22 दिसम्बर को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 22 दिसम्बर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में धान खरीदी, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य, खनिज, कृषि, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 19 दिसम्बर को

**दुर्ग।** जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक 19 दिसम्बर को शाम 5 बजे जिला कार्यालय दुर्ग के सभाकक्ष में आयोजित है। उक्त बैठक में कर्मचारी संगठनों से प्राप्त एजेण्डा में उल्लेखित बिन्दुओं पर विभाग के जिलास्तर से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा की जाएगी। सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को उक्त बैठक में स्वयं अपने विभाग की जानकारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने दिए सख्त निर्देश

## सफाई व्यवस्था का देखा हाल, गंदगी, कचरा एकत्र देख भड़के आयुक्त, उठवाने के लिए कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ननि आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। तड़के सुबह शुरू हुए इस निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री अग्रवाल ने सड़क, नालियों, सार्वजनिक स्थानों और अन्य क्षेत्रों की साफ-सफाई की वास्तविक स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी, कचरा एकत्र होने और समय पर उठाव न होने की शिकायतें मिलीं। इस पर आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों को तुरंत कार्रवाई करने और निर्धारित समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुबह की सफाई सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### रोड किनारे झाड़ियों को काटने किया निर्देशित

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने रास्तों के किनारे जमा झाड़ियों को काटने, नालियों की नियमित सफाई कराने और मुख्य मार्गों पर गंदगी न होने देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने टीम को कहा कि जिन वार्डों में शिकायतें अधिक मिलती हैं, वहां विशेष निगरानी रखी जाए।



### साइन बोर्ड हटाने के दिए निर्देश

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने मालवीय नगर क्षेत्र दीपक नगर में सड़क किनारे दुकानों के साइन बोर्ड एवं आसपास साइन बोर्ड निकलवाने के निर्देश। भीड़भाड़ वाले स्थानों स्टेशन रोड ग्रीन चौक क्षेत्र में सड़क किनारे ठेलों को हटवाने के निर्देश ओर स्वच्छता बनाए रखने के लिए दुकानदारों व आस-पास के व्यवसायियों को भी जागरूक किया। साथ ही गन्दगी करने वालो से जुर्माना वसूल करने के निर्देश। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता हरिशंकर साहू, उपअभियंता विनोद मांझी, उपअभियंता अर्पणा मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, राहुल सहित वार्ड सफाई दरोगा, सुपरवाइजर के अलावा अतिक्रमण टीम मौजूद रहें।

## वार्ड क्रमांक 12 रानी अवंती बाई कोहका बेहाल

# 20 साल से बदहाली, जर्जर सड़कों और गंदगी से त्रस्त हैं वार्डवासी

## वार्ड 12 में दोहरी तस्वीर, मुख्य सड़क चमकदार, अंदरूनी गलियां बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नगर निगम भिलाई अंतर्गत अवंती बाई कोहका वार्ड क्रमांक 12 के रहवासी पिछले कई वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। वार्ड की सड़कों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है, नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही और कई इलाकों में आज तक नाली निर्माण ही नहीं किया गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 20 साल पहले जब दागेश्वर सिंह राजपूत उर्फ पप्पू पार्षद थे तब उनके कार्यकाल में सड़क बनाई गई थी, लेकिन इसके बाद आज तक न तो मरम्मत हुई और न ही दोबारा निर्माण। नतीजा यह है कि सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बन चुके हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब गड्ढों में पानी भर जाने से पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। वार्ड के कई हिस्सों में नालियों की सफाई समय पर नहीं होती। नालियों में कचरा और गंदगी जमी रहने से बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। वहीं कुछ इलाकों में नाली का निर्माण ही नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। वार्डवासियों का कहना है कि वे नियमित रूप से नगर निगम का टैक्स जमा कर रहे हैं, लेकिन बदले में उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं। लोगों ने कई बार पार्षद और विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया, लिखित शिकायतें भी दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।





### स्थानीय निवासियों में नगर निगम व पार्षद के प्रति रोष



जर्जर सड़कें व नाली निर्माण नहीं होने के चलते स्थानीय निवासियों में नगर निगम और पार्षद के प्रति गहरा रोष है। चौहान किराना स्टोर के बाजू गली में निवासरत रेखा जंघेल, संजू साहू, शीतल वर्मा, संध्या ठाकुर, रेखा देवी, सुनिता देवी, प्रेमलता लिलहारे, रूपा बाई साहू ने बताया कि पिछले 20 साल से जर्जर सड़क का संधारण और नाली निर्माण को लेकर कई बार नगर निगम सहित पार्षद को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन आज तक समस्याओं का समाधान नहीं निकला। नाली नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में काफी परेशानी होती है। घरों में नाली का पानी प्रवेश कर जाता है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही सड़क और नाली की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### जर्जर सड़क और नालियों के अभाव से त्रस्त रहवासी

अवंती बाई कोहका वार्ड के अंतर्गत आंगनबाड़ी रोड वर्मा किराना स्टोर क्षेत्र के रहवासी



बुनियादी सुविधाओं की कमी से लगातार जूझ रहे हैं। इलाके की सबसे बड़ी समस्या जर्जर सड़कें और नालियों में सफाई का अभाव है। कई स्थानों पर आज तक नाली का निर्माण नहीं हो पाया, जिससे हालात दिन-ब-दिन खराब होते जा रहे हैं। स्थानीय निवासी रूकमणी वर्मा, रमादेवी उमरे, लीलावती खोब्रागढ़े, पूर्णिमा वर्मा और लीला ढाकुलकर ने बताया कि सड़क पूरी तरह टूट चुकी है और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। सड़क का स्तर नीचे होने के कारण बरसात के मौसम में घुटनों तक पानी भर जाता है। पानी लंबे समय तक जमा रहने से आमजन का निकलना मुश्किल हो जाता है। लीलावती खोब्रागढ़े ने बताया कि कई घरों के सामने नाली नहीं होने के कारण घरेलू पानी खुले में जमा हो जाता है, जिससे दलदल जैसी स्थिति बन गई है। गंदा पानी सड़कों पर फैला रहता है, बदबू आती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। नालियों की स्थिति देखकर आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कई दिनों, बल्कि महीनों से उनकी सफाई नहीं हुई है। नालियों में जमी गंदगी से बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है। रहवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क और नाली निर्माण की मांग की, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। क्षेत्र के लोग नियमित रूप से टैक्स जमा कर रहे हैं, फिर भी मूलभूत सुविधाओं के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है।

### जनप्रतिनिधियों से कई बार की गई है शिकायत

अवंती बाई कोहका वार्ड क्रमांक 12 में विकास की एक अजीब तस्वीर सामने आ रही है। मुख्य सड़क के आसपास जहां नई और चमचमाती सड़कें नजर



आती हैं और नालियों में नियमित साफ-सफाई दिखाई देती है, वहीं दूसरी ओर वार्ड के अंदर प्रवेश करते ही हालात पूरी तरह बदल जाते हैं। अंदरूनी गलियों में जर्जर सड़कें और गंदी नालियां साफ तौर पर देखी जा सकती हैं। स्थानीय निवासी रामनाथ लोधी दिल्लीवाले, दिनेश टंडन और ललिता जंघेल ने बताया कि वर्षों से जर्जर सड़कों के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ललिता आटा चक्की मार्ग से शिवमंदिर तक सड़क निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। गड्ढों से भरी सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है और आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। वार्डवासियों का कहना है कि वे लगातार शिकायत करते-करते अब थक चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया।

### मुख्यमंत्री साय आज भिलाई में

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार 18 दिसम्बर को भिलाई आएंगे। प्राप्त



जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय 18 दिसम्बर को अपरान्ह 3.20 बजे ग्राम लालपुर जिला मुंगेली से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3.50 बजे प्रथम बटालियन हेलीपेड भिलाई पहुंचेंगे। यहां से कार द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 4 बजे सतनाम भवन सेक्टर-6 भिलाई पहुंचेंगे और वहां आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं गुरु पर्व कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय शाम 5 बजे सतनाम भवन सेक्टर-6 भिलाई से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### दुर्ग जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष बेलचंदन ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के सहकारिता नेता प्रीतपाल बेलचंदन दुर्ग जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के चौथी बार अध्यक्ष बने। उन्होंने बुधवार सुबह जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक परिसर स्थित अपने कक्ष पहुंचकर पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण की प्रक्रिया बैंक के प्रभारी सीईओ हृदेश शर्मा द्वारा पूरी करवाई गई। इस दौरान बैंक के नवनियुक्त उपाध्यक्ष नरेश यदु ने भी पदभार ग्रहण किया। तत्पश्चात दोपहर में नवनियुक्त अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन और उपाध्यक्ष नरेश यदु गाजे बाजे के साथ बैंक परिसर पहुंचे। यहां आयोजित पदभार ग्रहण समारोह बैंक अंतर्गत आने वाले तीन जिले दुर्ग, बालोद व बेमेतरा के सोसायटी अध्यक्षों, कर्मचारियों, भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और सहकारिता से जुड़े लोगों के उत्साह के चलते अभिनंदन समारोह में तब्दील हो गया।

### कृषि विभाग का छापा, धनोरा में अवैध जैव प्रेरक किया जब्त

**दुर्ग।** बगैर प्राधिकार पत्र के डायरेक्ट सेलिंग कंपनी ड्रेकी मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा हेल्थ केयर प्रोडक्ट के साथ-साथ किसानों को जैव प्रेरक (बायो-स्टिमुलेंट) (एग्री बूस्टर) का लंबे समय से वृहद मात्रा में छत्तीसगढ़ के कई जिलों में अवैध रूप से व्यापार किया जा रहा है। कृषि विभाग ने पंचायत धनोरा के आनंद नगर में निजी प्रत्यक्ष बिक्री कंपनी ड्रेकी मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड में दबिश दी। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के प्रभारी धनेश साहू द्वारा कृषकों को कृषि कार्य में उपयोग की जाने वाली जैव प्रेरक ह्युमिक एसीड को प्रदेश के कई जिले के एजेन्ट के माध्यम से विक्रय किया जाना बताया गया। कंपनी के प्रभारी द्वारा संयुक्त जांच टीम को प्राधिकार पत्र प्रस्तुत नही किया गया। कुल 8886 बोतल जिसकी वर्तमान अधिकतम विक्रय कीमत 3200 रूपये के आधार पर 2,84,35,200 रूपये का अवैध जैव प्रेरक ह्युमिक एसीड को जब्त करते हुए भंडार स्थल को सील किया गया। जांच टीम में दुर्ग से संभाग स्तरीय निरीक्षक हेमंत कुमार बघेल, जिला कार्यालय दुर्ग से निरीक्षक सुचित्रा दरबारी, क्षेत्रीय उर्वरक निरीक्षक नवीन खोब्रागढे, स्थानीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सोनाली कुजूर एवं अजय यादव शामिल रहे।

### नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- 250 छात्र-छात्राओं ने ली नशामुक्ति की शपथ

रजत जयंती महोत्सव 2025 के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित योजना नशामुक्त भारत अभियान के तहत सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा भिलाई में महाविद्यालयीन 250 छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि डॉ. देबजानी मुखर्जी महाविद्यालयीन प्राचार्य एवं अध्यक्षता माया यादव वार्ड पार्षद के आतिथ्य में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यकम मुख्य अतिथि डॉ. देबजानी मुखर्जी एवं माया यादव ने छात्र-छात्राओं को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उसके रोकथाम के उपाय के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए समस्त छात्र-छात्राओं को यह भी संदेश दिया गया कि अपने आस-पास रहने वाले लोगों को भी यह संदेश उन तक जरूर पहुंचाये।

उक्त अवसर पर डॉ. पीएल साव गायत्री परिवार सेक्टर-भिलाई एवं नशामुक्ति केन्द्र के संचालक अजय कल्याणी द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक छात्र-छात्राओं को सचित्रण संबोधित किया। अंत में समस्त छात्र-छात्राओं के मध्य नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यकम में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक एपी गौतम, एनसीसी प्रभारी महेन्द्र, जंतराम ठाकुर, युगल किशोर एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण व उनके स्टाफ के अन्य शिक्षक, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### विधायक देवेंद्र ने ट्रेड यूनियन, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से मांगा समर्थन

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सेल बीएसपी प्रबंधन



के निर्णय के खिलाफ 20 और 21 दिसंबर को सिविक सेंटर में दो दिवसीय प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान वे उपवास भी रखेंगे। विधायक ने पत्र लिखते हुए सभी यूनियन और व्यापारियों से समर्थन मांगा है। विधायक देवेंद्र का कहना है कि बीएसपी भिलाई की शान है, भिलाई की पहचान है। ऐसे में बीएसपी प्रबंधन की कुछ नीतियां जन विरोधी है। इसलिए अब सभी को एक जुट होना पड़ेगा। उन्होंने इंटक, सीटू, एटक, एक्टू, स्टील, ठेका श्रमिक यूनियन, भिलाई अनाधिशासी कर्मचारी संघ, एचएएमएस, ऑफिसर्स एसोसिएशन, एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन समेत सभी यूनियन और संगठनों से विधायक ने समर्थन मांगा है।

### अग्निवीर भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी तक

**दुर्ग।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम, धमतरी में छत्तीसगढ़ के समस्त 33 जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिये अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दुर्ग जिला के ऐसे आवेदक जिन्होंने 30 जून 2025 से 10 जुलाई तक आयोजित ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई में भाग लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है वे आवेदक इस भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेंगें। इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेडसमेन के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

### साइकिल पाकर खिले छात्राओं के चेहरे रिसाली महापौर सिन्हा ने बांटी

**भिलाई।** रिसाली नगर निगम की महापौर शशि सिन्हा ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय रिसाली में 9वीं की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद सीमा साहू व स्कूल की प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित रहे।




## लाइसेंस निरस्त करने की मांग की सामाजिक संगठन ने

# अस्पताल प्रबंधन की शिकायत कोर्ट ने पाई झूठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सुपेला स्थित गुरुनाथ अस्पताल के संचालक व स्टाफ को मरीज के परिजन व सामाजिक कार्यकर्ताओं पर सुपेला थाना में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराना महंगा पड़ता दिख रहा है। इस मामले में 8 साल चली सुनवाई के बाद न्यायालय ने सभी को दोषमुक्त कर दिया। इसके बाद अब सभी लोगों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कलेक्टर, आईएमए, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। इस मामले को लेकर बुधवार को मरीज रंजीता दास और



सामाजिक कार्यकर्ता व आप नेता मेहरबान सिंग ने बताया कि गुरुनाथ अस्पताल संचालक डॉ. के. गुरुनाथ पर कार्रवाई और अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने कलेक्टर व मुख्य चिकिस्ता एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग को ज्ञापन सौंपा गया है। उनका आरोप है कि न्यायालय से उन्हें दोषमुक्त किया गया है। इससे साफ है की अस्पताल प्रबंधन ने अपनी कमी छिपाने के लिए उनके ऊपर झूठा मामला बनवाया था। इसकी वजह से उन लोगों को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी। इस कारण प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से सख्त कदम उठाने की अपील की गई है।मेहरबान सिंग ने बताया कि भिलाई सेक्टर-10 शंकरा स्कूल की स्पोर्टस टीचर रजींता दास को चेस्ट में पेन होने पर उनके परिचित डॉ. गुरूनाथ के पास उपचार के लिए ले जाया गया था। डॉ. गुरूनाथ ने रंजीता दास को ब्लाकेज का प्राब्लम बताकर स्टेंट लगाने की बात कही। परिजनों को बताया गया कि स्टेंट की गारंटी है। अगर उसमें समस्या आती है इलाज का पैसा स्टेंट कंपनी वहन करेगी। रंजीता दास ने डॉ. गुरूनाथ से स्टेंट लगवाया लेकिन मरीज को चेस्ट में लगातार दर्द हो रहा था। मरीज ने रायपुर के एमएमआई अस्पताल में संपर्क किया। वहां सिटी स्कैन में यह बात सामने आई कि मरीज के सीने में जो स्टेंट लगाया गया था वह 90 फीसदी तक ब्लाक हो चुका है और कभी भी हार्ट अटैक आ सकता है। इस पर विगत 28 मार्च 2027 को मरीज रंजीता दास का बेटा सौरभ दास, बेटी बरनाली दास, शुभम विश्वास, सोनिया गजभिये और मेहरबान सिंग डॉ. के. गुरूनाथ से चर्चा करने उनके अस्पताल पहुंचे।

#### हेडन कैमरे की रिकार्डिंग बनी साक्ष्य

रंजीता दास ने बताया कि 28 मार्च 2017 को डॉ. गुरुनाथ से स्टेंट की गारंटी पर बात करने के विषय पर सुपेला थाना में उनके पुत्र सौरभ कुमार दास, पुत्री बरनाली दास, रिश्तेदार शुभम विश्वास और मेहरबान सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। डॉ. गुरूनाथ ने स्टाफ लैब टक्नेशियन हरिहर प्रसाद तिवारी के माध्यम से थाना सुपेला में जान से मारने की धमकी, गाली गलौच करने, अस्पताल में तोड़फोड़ करने आदि का झूठा मामला दर्ज कराया। धर्मेन्द सिंह नामक व्यक्ति को झुठा गवाह तैयार किया। अस्पताल के सीसीटीवी का फुटेज थाना प्रभारी ने नहीं लिया क्योंकि ऐसी कोई घटना हुई ही नहीं थी। मेहरबान सिंग ने अस्पताल परिसर में घुसने और बाहर आने तक अपना हिडेन कैमरा चालू कर रखा था। उसकी रिकार्डिंग के साक्ष्य को कोर्ट में पेश किया गया।

### दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम असोगा, तहसील पाटन व जिला दुर्ग निवासी जागेश्वर साहू की विगत 13 जून 2024 को ग्राम असोगा के दर्री तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. जागेश्वर साहू के माता रामबाई साहू पति स्व. रामनाथ साहू निवासी असोगा तहसील पाटन जिला दुर्ग को 2 लाख रूपए एवं पिता युवराज पिता स्व. कृष्णा निवासी ग्राम खपरी तहसील भखारा जिला धमतरी को 2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 18 दिसंबर 2025



### सुपेला थाना क्षेत्र की घटना

## रकम मांगने पर ठेले वाले पर हमला दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

**रकम नहीं देने को लेकर विवाद**

सैंडविच बेचने वाले को नशेड़ियों द्वारा बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। झगड़ा सैंडविच की रकम मांगने को लेकर हुआ। गुस्से में आकर नशे में धुत युवक ने ठेला संचालक के को मारा और उसके सिर पर पत्थर से वार कर दिया।

पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि ग्राम बेमेतरा जिले के करमतारा निवासी शिवशंकर कुर्रे नेहरू नगर में मेड बेकर्स के सामने सैंडविच का स्टॉल लगाता है। उसने बताया कि 16 दिसंबर की रात अचानक कुछ लोग आए और उसके ठेले को पलट दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट हुई। घटना में एक युवक लहूलुहान भी हो गया। शिवशंकर नेहरू नगर में किराए के मकान में रहता है। सड़क किनारे सैंडविच और बर्गर का स्टॉल चलाता है। रोज की तरह मंगलवार को भी उसने ठेला लगाया था। अचानक मॉडल टाउन निवासी उदय, हेमंत क्षत्री उसके स्टॉल पर पहुंचे। उदय ने सैंडविच की कीमत पूछी। उसके बाद उसने सैंडविच लेकर खाया। जब शिवशंकर ने उससे 40 रुपए मांगे तो उदय ने बाद में देने की बात कही। शिवशंकर ने उधार देने से मना किया। इससे नशे में धुत दोनों युवकों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। शिवशंकर कुर्रे जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसकी पिटाई शुरू कर दी। पत्थरों से हमला किया। जिससे उसके सिर में चोटें आईं। जब भाई बृजमोहन कुर्रे उसे बचाने आया तो उसके ऊपर भी हमला किया।

वहीं दूसरे पक्ष से काशी तांडी ने भी शिवशंकर के खिलाफ शिकायत किया है। उसने बताया कि जब उज्जवल तांडी मौके पर पहुंचा दो देखा कि शिवशंकर और उसका भाई बृजमोहन उसके साथियों के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। बीच-बचाव करने पर उन पर भी हमला किया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

**जामुल पुलिस कर रही है जांच**

## तेज रफ्तार कार पोल से टकराई, वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तेज रफ्तार से आ रही कार अनियंत्रित होकर एक पोल से टकरा गई इससे उसके परखच्चे उड़ गए। घटना में तीन युवक बाल-बाल बच गए। घटना हाउसिंगबोर्ड जामुल की है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह जामुल में कार सीजी 07 ए एक्स 2164 कार में तीन युवक सवार थे। अचानक कार अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा गई। कार सवार तीन युवक बच गए लेकिन कार के सामने और पीछे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची जामुल पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस ने जब कार चेक किया तो उसके अंदर बियर की बोतल, एटीएम समेत व अन्य सामान मिला। युवकों में एक को पैर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है। बताया जा रहा है कि कार चलाने वाले नशे की हालत में था। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सुबह चार बजे हुई इस घटना को कई घंटे बीत जाने के बाद भी जामुल पुलिस कार मालिक और कार में सवाल युवकों का पता नहीं लगा पाई है। पुलिस ने अपराध भी दर्ज नहीं किया है।

## मौत की निष्पक्ष जांच करने एसपी से मांग

**भिलाई।** भाई की मौत के मामले की निषपक्ष जांच करने की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने एसएसपी से गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि उनके भाई की मौत किस स्थिति में हुई इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। वार्ड 29 अर्जुन नगर निवासी के बाबू ने एसपी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि 2 नवम्बर को उसका भाई कैम्प 1 निवासी के एन राजा (57 वर्ष) घर से सुपेला घूमने निकला था। रात 9-10 बजे गदा चौक पर उसका शव पड़ा मिला। शरीर से खून निकल रहा था। उसकी मौत सड़क हादसे से हुई। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। इसे लेकर जब वो सुपेला पुलिस के पास पहुंचा तो उल्टा उसे डांटकर भगा दिया गया। के बाबू का आरोप है कि भाई केएन राजा के मौत की निष्पक्ष जांच को लेकर पीएम का रिपोर्ट मांगा गया। लेकिन परिजनों को अब तक रिपोर्ट नहीं मिल पाई है। भाई की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी के लिए पीएम रिपोर्ट की मांग की जा रही है। टीआई विजय यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।









## खबर संक्षेप

### कुम्हारी में गुरु घासीदास जयंती का आयोजन आज

**कुम्हारी।** संत शिरोमणी गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर सतनामी समाज एवं समस्त नगरवासी की ओर से गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन नगर में 18 दिसंबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री विधायक पाटन भूपेश बघेल होंगे। वहीं नगर वासियों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम कारी बदरिया (युगल किशोर साहू) ग्राम-मोखा गुरुर, जिला-बालोद की प्रस्तुति वार्ड क्रमांक 6 स्थित सतनाम भवन में होगी।

### पीएम आवास योजना की पहली किस्त का भुगतान

**अहिवारा।** नगर पालिका परिषद, अहिवारा ने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत 9 हितग्राहियों के प्रथम किस्त की राशि का भुगतान किया है। इस योजना के तहत नगर पालिका परिषद, अहिवारा द्वारा कुल 5,67,000/- रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।
नगर पालिका परिषद, अहिवारा के इस कदम से हितग्राहियों में खुशी की लहर है। हितग्राहियों ने नगर पालिका परिषद अहिवारा व उपमुख्यमंत्री व शासन का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि इस योजना से उन्हें अपने सपनों का घर बनाने में मदद मिलेगी।

### चिंगरी भाठापारा में घासीदास जयंती और मंडई आज

**अंडा।** ग्राम चिंगरी भाठापारा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 दिसंबर गुरुवार युवा शक्ति समिति चिंगरी भाठापारा के द्वारा गुरू घासीदास जयंती एव मंडई का आयोजन किया गया है। इस दौरान रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति लोक रंजनी रायपुर का कार्यक्रम रखा गया है। वहीं शाम 4:30 बजे से गुरु घासीदास जयंती ध्वजारोहण में मुख्य अतिथि आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य दुर्ग बेला यादव सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग और टिकेश्वरी लाल देशमुख पूर्व सभापति जनपद पंचायत दुर्ग व अन्य होंगे।

### निकाली शोभायात्रा, की पूजा अर्चना



**उतई।** जय सतनाम युवा संदेश डूमरडीह व सर्व सतनामी समाज द्वारा सतनाम शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने शामिल होकर बाबा गुरुघासीदास के प्रतीक चिन्ह जैतखाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश वालो के लिए खुशहाली की कामना की।

### भरदा में शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ कथा कल से

**अंडा।** कबड्डी मैदान ग्राम भरदा में तीन दिवसीय संगीतमय शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 19 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचिका पंडित रामगुलाल द्विवेदी की कृपापात्र जयंती द्विवेदी ग्राम कुथरेल होंगी। कार्यक्रम में मुख्य पावन प्रसंग 19 दिसंबर शुक्रवार कलश यात्रा प्रातः 10 बजे, वेदी पूजन शिवमहापुराण महात्म्य अमरकथा 20 दिसंबर शनिवार, महाशिवरात्रि पर्व विशेष द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा 21 दिसंबर, रविवार मनुवंश का वर्णन शिव विवाह कथा समय दोपहर 01 बजे से शाम 05 बजे तक होगा।

### निकुम में घासीदास जयंती आज

**निकुम।** समस्त सतनामी समाज एवं समस्त ग्रामवासी गुरु घासीदास नगर निकुम के तत्वाधान संत शिरोमणि घासीदास जयंती पर्व के अवसर पर बुधवार को बाजे गाजे डीजे पंथी धुन पर शोभा यात्रा निकाली गई। इसके उपरांत 18 दिसंबर गुरुवार को भव्य रुप से जयंती व शाम को महाभंडारा का आयोजन किया गया है. मुख्य अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता सदस्य जिला पंचायत दुर्ग आशा विक्की मिश्रा करेंगी। वही विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य लीलावती रूपेश देशमुख, निकुम सरपंच भागवत पटेल, उपसरपंच गोपेंद्र साहू सहित पंच गण होंगे। जय दुर्गा निनवा तिल्दा की पंडवानी एवं आदर्श पंडवानी वानी ग्रंथ गायन ग्राम पिरदा की प्रस्तुति होंगी।

---

## कांग्रेस का हल्लाबोल, अपराध पर नियंत्रण लगाने की मांग

# चोरी और अपराध पर पुलिस का अंकुश नहीं, नागरिकों में लगातार बढ़ रहा रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा नगर में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों और गंभीर अपराधों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। पिछले दो महीनों में दर्जनों चोरी की घटनाओं से पूरा शहर दहशत के माहौल में है। आम नागरिकों का कहना है कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और पुलिस अपराधों पर प्रभावी अंकुश नहीं लगा पा रही है।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष धमधा राजीव गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धमधा थाने के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राजीव गुप्ता ने कहा कि पिछले छह माह में धमधा थाना क्षेत्र में 15 से 20 चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, जिससे आम लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने जल्द ही कार्रवाई तेज नहीं की तो आने वाले समय में धरना, चक्का जाम जैसे

**पुलिस पेट्रोलिंग की कमी को बताया कारण**



आंदोलनात्मक हालात निर्मित हो सकते हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर में एसडीओपी का कार्यालय होने के बावजूद पुलिस की पकड़ कमजोर पड़ चुकी है। अपराधियों में कानून का डर खत्म होता जा रहा है, जिसके कारण चोरी, मारपीट और अन्य असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। नगर के व्यापारी वर्ग ने भी इस मुद्दे पर गंभीर चिंता जताई। नगर व्यापारी निर्मल जैन ने कहा कि धमधा पुलिस की कार्यशैली में कहीं न कहीं बड़ी चूक नजर आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि धमधा आज अपराधों का गढ़ बनता जा रहा है, जहां मारपीट, अवैध शराब, गांजा, जुआ-सट्टा और अब बेतहाशा चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने दुर्ग जिला पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि धमधा में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई तेज की जाए।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि देर रात तक ढाबों, ठेलों और अस्थायी दुकानों का संचालन अपराध को बढ़ावा दे रहा है। वहीं पुलिस पेट्रोलिंग की कमी को भी अपराध बढ़ने का एक बड़ा कारण बताया गया।

प्रदर्शन में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता सहित शमशीर कुरैशी, अशोक कसार, विजय धीमर, आनंद धीमर, देवनाथ सोनकर, कलीम मोहम्मद कुरैशी, सुमंत ताम्रकार, महेंद्र यादव, अरुण साहू, रजत नायक, राधेश्याम साहू, नंद निर्मलकर, अविनाश मिश्रा, हिम्मत धीमर, निर्मल जैन, संदीप गुप्ता, आरिफ मोहम्मद कुरैशी, दीनू पटेल, अकिल कुरैशी, दुर्गा साहू, दुखवा पटेल, ज्वाला साहू, श्रवण साहू, अनिल साहू, विक्रांत बघेल, सत्कुमार निषाद, चुम्मन साहू, चंद्रशेखर वर्मा, कमलेश बंजारे, विनोद पटेल एवं बंटी राजपूत शामिल रहे। कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही हालात नहीं सुधरे तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

---

## प्रदूषण फैलाने वाले संस्थानों पर की गई कार्रवाई

**भिलाई।** शीतकाल में वातावरण में उत्सर्जन एवं प्रदूषण की मात्रा को लेकर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई द्वारा कार्रवाई का सिलसिला जरी है। रिहायशी क्षेत्रों के घरेलू कचरा न जलाया जाए। इसके लिए लगातार



निगरानी की जा रही है। साथ ही औद्योगिक इकाइयों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सड़कों से उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने, जल छिड़काव आदि की व्यवस्था करने एवं उनके सतत संचालन/संधारण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों की धूल को नियंत्रित करने सीएसआईडीसी को पत्र लिखा गया है।

पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उद्योगों में उनकी प्रकृति के अनुरूप वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए स्थापित उपकरणों यथा ईएसपी, बैग फिल्टर, वेट स्क्रबर, डस्ट कलेक्टर का सतत संचालन सुनिश्चित करवाया जा रहा है। उद्योगों से उत्सर्जन की स्थिति पाए जाने पर उद्योगों के विरुद्ध वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत विगत माह नवम्बर 2025 में उद्योगों से उत्सर्जन की स्थिति पाए जाने के कारण क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा कार्रवाई करते हुए औद्योगिक क्षेत्र स्थित 2 उद्योगों मेसर्स विष्णु केमिकल्स लिमिटेड, प्लाट नंबर-18-26, इण्डस्ट्रियल एरिया भिलाई एवं मेसर्स बंसल ब्रदर फेरो एलायज डिविजन प्लाट नंबर-10, 11ए, 11बी(पी), 11बी, 12ए, एण्ड 12बी, इण्डस्ट्रियल एरिया भिलाई तथा मेसर्स औद्योगिक विकास केन्द्र बोर्ड ग्राम रसमड़ा स्थित 1 उद्योग मेसर्स टॉपवर्थ स्टील एण्ड पावर प्राइवेट लिमिटेड पर वायु प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के तहत नोटिस जारी की गई और कुल 1,40,000 रुपए पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है।

---

# धान खरीदी के नाम पर परेशान हैं किसान, कांग्रेसियों ने पूछी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



पाटन ब्लॉक के किसानों को धान विक्रय के लिए लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धान खरीदी केंद्र केसरा की स्थिति का जायजा लेने दुर्ग जिप के पूर्व उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू, सरपंच डॉ ईश्वर निषाद, सोसायटी विधायक प्रतिनिधि तेजराम सिन्हा ने बुधवार को यहां का दौरा कर

- **विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू, सरपंच डॉ. ईश्वर निषाद ने लिया जायजा**

किसानों से चर्चा की। इन प्रतिनिधियों ने किसानों से कहा कि आप सबके हित की लड़ाई कांग्रेस पार्टी लगातार लड़ रही है। वर्तमान परिस्थिति में केसरा में प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट 1400 क्विंटल से बढ़ाकर 1700 क्विंटल की गई है,अभी धान की खरीदी सिर्फ 30 प्रतिशत ही हो पाई है।यहां पर प्रतिदिन की लिमिट और बढ़ाने की आवश्यकता है,साथ ही अगर परिवहन चालू नहीं हुआ तो 4 दिन खरीदी बंद करना पड़ सकता है। पूर्व जिप उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने एसडीएम श्री ध्रुव को केंद्र की स्थिति से अवगत कराते हुए जल्द निराकरण करने की मांग की।उन्होंने आज सभी खरीदी केंद्र में तालाबंदी करने का निर्णय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित था,लेकिन शासन प्रशासन से बातचीत से समस्या का निदान के आश्वासन पर स्थगित किया गया। उन्होंने आगे बताया कि किसानो की किसी भी तकलीफों के लिए कांग्रेस पार्टी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हमेशा साथ खड़ी रहेगी। सुचारू व्यवस्था संचालित नहीं होने पर अन्नदाताओं के साथ आंदोलन,धरना प्रदर्शन किया जाएगा,जिसके लिए शासन, प्रशासन जिम्मेदार होंगे।

इस दौरान सोहन जोशी जोन प्रभारी, गजानंद सिन्हा, शिवकुमार साहू, मदनलाल यादव, गुहाराम सिन्हा, कमलेश पटेल, सागर सिन्हा, खेमलाल सिन्हा, चेतन ठाकुर, कुलेश्वर ठाकुर, इंद्रकुमार साहू आदि उपस्थित थे।

### धान खरीदी पर सरकार की नियत में खोट : केशव बंटी



**अंडा।** पूर्व श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता केशव बंटी हरमुख ने राज्य की भाजपा सरकार की नियत पर सवाल खड़ा करते आरोप लगाया कि सरकार किसानों का पूरा धान खरीदना ही नहीं चाहती है, इसलिए प्रतिदिन का जो लिमिट तय किया है, उससे अंतिम तिथि तक धान खरीदी होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पहले से ही किसान रकबा के गायब होने ओर गिरदावरी के नाम से परेशान है। सरकार अपनी खामियों को सुधार नहीं पा रही है। वहीं कटाई और मिंजाई होने के बाद किसानों को धान बेचने के लिए टोकन हासिल करने जद्दोजहद करना पड़ रहा है। किसानों को कई कोई दिन टोकन नहीं मिल रहा है। ऊपर से तुर्रा यह है कि सरकार ने धान खरीदी का जो लिमिट तय किया है, वह काफी कम है। उन्होंने कहा कि निर्धारित लिमिट के मुताबिक खरीदी होते रही तो अंतिम तिथि तक किसान धान नहीं बेच पाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रही है और अपनी नाकामी को छुपाने के लिए धान खरीदी में तरह तरह के रोड़े लगा रही है, ताकि उसकी असफलता से पर्दा न उठे।

---

## सरकारी राशन दुकानों में सुविधा पाने उपभोक्ताओं का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य (राशन) दुकानों में उपभोक्ताओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर दुर्ग के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिक, विशेषकर बुजुर्ग, महिलाएं, दिव्यांगजन एवं श्रमिक वर्ग राशन लेने उचित मूल्य की दुकान पहुंचते हैं, लेकिन अधिकांश दुकानों में बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गर्मी, बरसात अथवा अधिक भीड़ की स्थिति में नागरिकों को लंबे समय तक कतार में खड़े रहना पड़ता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जबकि शासन की मंशा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से नागरिकों को सम्मानजनक, पारदर्शी एवं सुविधाजनक सेवा उपलब्ध



कराने की है। जिला प्रशासन से मांग की गई कि जिले की समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकानों में उपभोक्ताओं के लिए बेंच, कुर्सी, शेड एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों एवं दुकान संचालकों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाए। ढालेश साहू ने कहा कि "जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के उपभोक्ता सुविधा पाने का पूर्ण अधिकार रखता हैं। राशन प्राप्त करना उपभोक्ताओं का वैधानिक अधिकार है, इसलिए दुकानों में उचित बैठक व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## घासीदास जयंती भिलाई तीन में आज

**भिलाई।** गुरु अगरदास सतनामी कल्याण संगठन भिलाई - 3 चरोदा के अध्यक्ष अधिवक्ता मोतीराम कोशले ने बताया कि भारत देश के छत्तीसगढ़ में जन्मे महान समाज सुधाकर परम पूज्य संत गुरु घासीदास जी की 268 वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया है।आयोजन सतनाम भवन भिलाई 3 में किया गया। जिसमें 17 दिसंबर को संध्या 4 बजे से सतनाम संदेश यात्रा सतनाम भवन से प्रारंभ होकर सिरसागेट, जनता स्कूल बाजार चौक, सरकारी अस्पताल कन्या शाला तहसील कार्यालय होते हुए वापस सतनाम भवन में समापन हुआ। 18 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से सदगुरु वाणी चौका आरती ग्राम सोनपुर कुरूद धमतरी संध्या 4 बजे जैतखाम में झंडाध्वजारोहण रुमझुम लोकनृत्य ज्ञान गंगा पंथी पार्टी ग्राम बड़ौदा सेक्टर 22 न्यू रायपुर तत्पश्चात संध्या 6 बजे है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, नगर पालिका परिषद अहिवारा के अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर आदि अतिथि उपस्थित रहेंगे।

---

**बिजनेस साइट**

### डॉ. व्ही. सृष्टि, डॉ. स्नेहिल और डॉ. सयान को विश्वविद्यालय में मिला सर्वोच्च स्थान



**भिलाई।** मैत्री दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र अंजोरा, (दुर्ग) में अध्ययनरत प्रोस्थोडोंटिक्स विभाग के विद्यार्थी डॉ. व्ही. सृष्टि और डॉ. स्नेहिल अगवान एवं ओरल मेडिसीन विभाग के डॉ. सयान कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं आयुष विश्वविद्यालय, नवा रायपुर, के एमडीएस पार्ट-1, के परीक्षा परीणाम में विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर टॉप किया है। जो इस महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है।

इस उपलब्धी के लिए उक्त छात्र/छात्राओं को संस्था के महासचिव राजेश जैन, अधिष्ठाता डॉ. प्रदीप बाबू कोम्मी, उपअधिष्ठाता डॉ. संजीव सिंह ने समस्त डेंटल महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कर्मचारियों एवं अधिकारियों को इस उपलब्धी पर बधाई दी है।

---

## स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित करने दिए निर्देश

# सामाजिक अंकेक्षण अभियान से स्कूलों की पारदर्शिता होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूल शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत राज्य के सभी शासकीय प्राथमिक,माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। इसी तारतम्य में सरकार के प्रतिनिधि के रूप में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोरी का निरीक्षण किया। साहू ने कहा कि इस सामाजिक अंकेक्षण का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना और समुदाय को इसमें शामिल करना है। इसके माध्यम से अभिभावकों, ग्राम पंचायतों और स्थानीय निकायों को स्कूलों की शैक्षणिक गतिविधियों, संसाधनों के उपयोग और शिक्षण की



गुणवत्ता की जानकारी दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिए हैं कि सामाजिक अंकेक्षण के दौरान स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की सीखने की स्थिति, बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, मिड-डे मील की गुणवत्ता और सामुदायिक सहभागिता जैसे पहलुओं का मूल्यांकन करना है,स्कूल शिक्षा विभाग का कहना है कि यह सामाजिक अंकेक्षण अभियान न केवल शिक्षा की गुणवत्ता का मूल्यांकन करेगा, बल्कि इससे स्कूलों में पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना भी मजबूत होगी। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत यह पहल इस उद्देश्य से की जा रही है कि हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बने। इस अंकेक्षण में तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष बीरबल पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार पटेल, सरपंच टेकेश्वर देशमुख महामंत्री नीलांबर साहू, उपाध्यक्ष खिलावन साहू, पुनऊ सहरिया, भोला पटेल, संस्था के प्राचार्य रामजी सिंह, धीरजा चौधरी, दीपिका पाल, छाया सिंह, मौलेश्वरी साहू आरती अग्रवाल, वीणा कोसरे, संतोष शर्मा, अरुण चौबे, प्रमोद तिवारी, दीपिका बघेल,आर आर रोशनी, सीनम सिद्धिकी, अलका राय, नमिता पांडे, संगीता साहा,श्वेता साहू, प्राची सिंह ठाकुर,शीतल बनाफर, सीमा साहू, हेमलता साहू, पृथ्वी सिंह ठाकुर, हिमांशु स्वर्णकार, बी भावेश सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

---

## अंचल की खबरें

### नपं अध्यक्ष ने किया स्कूल का निरीक्षण



**पाटन।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत डी ग्रेड प्राप्त पूर्व माध्यमिक शाला सिकोला का 15 दिसंबर को नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने दिए गए बिंदु के आधार पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से अध्ययन अध्यापन, मध्यान भोजन, एक पेड़ मां के नाम और मुस्कान पुस्तकालय की उपयोगिता आदि के बारे में पूछा। बच्चों ने सभी प्रश्नों के संतोषप्रद जवाब दिए। निरीक्षण मोबाइल एप के माध्यम से दिये प्रश्नों के उत्तर देकर सबमिट किया गया। निरीक्षण दौरान बब्बू भाले, संकुल समन्वयक श्री कौशल टिकरिहा, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला शोभा ताम्रकार, ज्योति पटले,गोपी राम सेन ,धर्मेंद्र साहू और जितेंद्र कश्यप का सहयोग प्राप्त हुआ। निरीक्षण के दौरान अध्यापन हेतु अतिरिक्त कक्षा निर्माण का आश्वासन श्री भाले ने दिया।

### मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था देखी जनपद सदस्य ने



**अंडा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत ग्राम तिरगा में निरीक्षण के लिए जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू पहुंची। उन्होंने बताया कि स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ चल रही और भी सारी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई। मध्याह्न भोजन शिक्षक की कमी के बारे में भी जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर और गुणवत्ता में सुधार के लिए चलाया जा रहा एक प्रमुख अभियान है, जिसके तहत सामाजिक अंकेक्षण, स्कूलों की ग्रेडिंग, शिक्षकों को ट्रेनिंग, और अभिभावक-शिक्षक सहभागिता पर जोर दिया जाता है, ताकि छात्रों की सीखने की क्षमता और परीक्षा परिणामों में सुधार हो सके और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ जीवन कौशल का विकास हो सके। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रघुनाथ देशमुख, प्राचार्य पुष्पा रामटेके एवं स्कूल के सभी स्टाफ और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### व्याख्यान में दी प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी




**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकार कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में प्राचार्य डॉ नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन में ग्रुप थ्योरी व उसके अनुप्रयोगों पर आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन रसायन परिषद् द्वारा के तत्वावधान में किया गया। जिसमें शासकीय मोहन लाल भैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक चित्र किरण पटेल ने सममिती तत्व थ्योरम, कैरेक्टर टेबल का निर्माण के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विद्यार्थियों को नेट एवं सेट परीक्षा में इस विषय से पूछे जाने वाले प्रश्नों पर भी चर्चा की। चित्र किरण पटेल स्वयं पाटन महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्रा भी रही हैं। विभागाध्यक्ष जागृत कुमार ने विभाग की उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम संचालन डॉ अरूणा साव द्वारा तथा डॉ पोखराज शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विभाग की अदिति बंजारे व एम एस सी प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

### घासीदास जयंती आज व पंथी प्रतियोगिता 20 को



**पाटन।** गुरु घासीदास बाबा की जयंती अंचल में 18 दिसंबर को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसी श्रृंखला में नगर में एक दिवसीय भव्य पंथी प्रतियोगिता का आयोजन 20 दिसंबर किया गया है, जो दिनांक 20 दिसंबर 2025 को आयोजित होगी। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वार्ड पार्षद मनोज कुर्रे, समिति के सदस्यगण तिलक राते,प्रमोद कुर्रे , मोती बघेल , संतोष मस्तावर ताराचंद ,गौतम, रामकृष्ण बघेल, डेविड जोशी और देवेंद्र कुर्रे ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। आयोजकों के अनुसार पंथी प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों से भी पंथी दलों को शामिल होने की कार्यक्रम स्थल पर और दर्शकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# हरिभूमि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं के भरोसे व विश्वास के 24 वर्ष

हरिभूमि 24th Years ANNIVERSARY

24th हरिभूमि भिलाई संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

MILESTONE ACADEMY
ADMISSION OPEN
Session-2026-2027
Nursery to Class-IX & XI
Yay! MSA turns 30




KOHKA, JUNWANI ROAD, BHILAI, 9893063732, 9770194700

24th Years Anniversary
हरिभूमि भिलाई संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

HERITAGE
INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL, DURG
C.B.S.E. AFFILIATED (Affiliation No.: 3330198)
DISE CODE : 22100720810
School Provides Admission Under RTE Act.
Admission Help desk
7566660470 / 71 / 75
DURG BYPASS ROAD, DURG (C.G.)
www.heritageschools.org
heritage.schools@yahoo.com
/Heritage International Public School

24th Years Anniversary
हरिभूमि भिलाई संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



NARENDRA KUMAR BANCHOR
Working President-National Confederation of Officers Association
Chairman-Steel Executives Federation of India
President-Offiers Association BSP

बी.एस.सी. नर्सिंग (04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग (02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग (03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT



RASTOGI COLEGE OF NURSING
Model Town, Nehru Nagar (E), Bhilai (C.G.)
Contact : 93005 58900
RASTOGI COLEGE OF NURSING
G.E. Road, Tedesara, Dist-Rajnandgaon (C.G.)
Contact : 93002 52200

24th
हरिभूमि भिलाई संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

CEC
Chhattisgarh Engineering College
BORSI-DHANORA ROAD, BHILAI-DURG
Mob. 98261-26171, 99932-40599
www.cedurg.com
Life @ CEC
B.E. / POLYTECHNIC



Admission Enquiry No. 9826126171, 8817944077, 9993240599

आरोग्यवेदा हॉस्पीटल
स्पाइन केयर, होलिस्टिक मेडिसीन सेंटर
रीढ़, नस व हड्डी से संबंधित एवं विभिन्न बीमारी जैसे-
- साईटिका, नसों का चिपकना, वातरोग
- लकवा, शून्यता झुनझुनापन
- जोड़ों में दर्द व जकड़न, सूजन व बैठने, खड़े होन, चलने में कठिनाई होना।
- एड़ी की हड्डी का बढ़ना
- आपरेशन के बाद जकड़न व अन्य तकलीफ
- भूख न लगना, एसीडिटी, कब्ज व बवासीर
- मासिक धर्म संबंधी समस्या, गर्भाशय में सांठ (रसौली), बांझपन
- सिरदर्द, डिप्रेशन व अनिद्रा
- मोटापा, शुगर-डायबिटीज, हाई व लो ब्लड प्रेशर का परीक्षण/सलाह, होलिस्टिक मेडीसीन पद्धति व मशीनों द्वारा चिकित्सा



उपलब्ध सुविधाएं :-
- फिजियोथेरेपी
- प्राकृतिक चिकित्सा
- आयुर्वेद पंचकर्म
- एक्यूप्रेशर/एक्यूपंक्चर
- कपिंग थेरेपी/कपिंग हिजामा
- आहार चिकित्सा व परामर्श
- योग थेरेपी व फिटनेस योग
- रेकी एवं प्रणिक हीलिंग



अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक व होलिस्टिक स्पाइन केर विशेषज्ञ
डॉ. प्रेमलाल पटेल BNYS
Fellwship on Acupunture
Reg. from CG AYUSH and CCRYN DELHI
Ministry of AYUSH GOVT. OF INDIA
(पूर्व चिकित्सक : फुकेत- बैंकाक (थाइलैंड) दिल्ली, कलकता)
संस्थान छ.ग. नर्सिंग होम एक्ट लाइसेंस पंजीकृत है
- भिलाई चिकित्सालय : प्रथमतल 21/9, गुरुद्वारा रोड, नेहरु नगर पश्चिम, भिलाई (छ.ग.)
- उतई चिकित्सालय : वार्ड क्र.-4, सांई हॉस्पिटल के पास, मेघ मार्केट, उतई (छ.ग.)

09144889872, 09424123153, 9993447665 info@aarpguaveda.com director@aarogyaveda.com
उपचार कोर्स वालों के लिए ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध... www.aarogyaveda.com

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129


सतनाम शोभायात्रा के दौरान ध्वज संदेश



## लाइव इवेंट

### निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है : पवन
### भिलाई विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग अंतर्गत भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक शिखा दुबे, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधान अध्यापक तथा पालक शिक्षक समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

- बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पुरस्कार देकर होनहारों का किया सम्मान

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के रजत जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया। शुभारंभ शालानायक रूद्र सिंह, शालानायिका सोनम देवांगन ने किया लोक गायिका रजनी रजक तथा संगीत शिक्षक शैलेन्द्र भोई व आरपी जेना के के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान एवं नृत्य की प्रस्तुती दी गई। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि असफलताओं से घबराए बिना निरंतर प्रयास करते रहना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से टीम भावना विकसित करने का आह्वान किया । शिखा दुबे ने कहा कि हमारे विचार ही हमारे भविष्य का निर्माण करते हैं। विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विशेष योगदान के लिए ईको क्लब के अंतर्गत संजना साव, दिव्या उपाध्याय एवं भूमिका मांडवी; एनसीसी में रितिका साहनी एवं जी. साईं कृष्णा; तथा स्काउट–गाइड में रूपेश नाग एवं योगिता साहू को सम्मानित किया गया। हाउस प्रीफेक्ट्स, अंतरशालेय प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। सोनम देवांगन को 'स्टार ऑफ द स्कूल' तथा 'पीस हाउस' को सर्वश्रेष्ठ हाउस घोषित किया गया।

#### लोकरंगी प्रस्तुति दी



विद्यालय के चार शिक्षको सजिथा राजेश, संगीता मिश्रा, विशाखा पांडे व पी. मनीषा को उनके विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़ान के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर विद्यार्थियों द्वारा कश्मीरी, भांगड़ा, राजस्थानी, सेमी-क्लासिकल, पंथी एवं साउथ इंडियन नृत्य प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों का निर्देशन सविता धपवाल, सुनीता अनिल, सजिथा राजेश, यास्मिन, अर्पिता, भावना, पद्मावती, पूर्णिमा, नेहा सिंह एवं फतेहीन द्वारा किया गया।कार्यक्रम का संचालन संगीता मिश्रा औक वंदना सोनवाने व धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ व्याख्याता सरिता शाक्य द्वारा प्रस्तुत

## लाइव इवेंट

### एसबीआई अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट स्पर्धा में भिलाई की टीम ने जीता खिताब



**भिलाई।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 14 और 15 दिसंबर को रायपुर के इमर्जिंग क्रिकेट मैदान में अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भिलाई की टीम ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में शानदार जीत दर्ज करते हुए प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की है।

- 7 विकेट से प्रशासनिक कार्यालय रायपुर को हराया
- अभिषेक यादव रहे प्लेयर ऑफ द मैच

फाइनल मुकाबला भिलाई और प्रशासनिक कार्यालय रायपुर के बीच खेला गया, जिसमें भिलाई के खिलाड़ियों ने शुरू से ही बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रायपुर टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 91 रन का स्कोर खड़ा किया। भिलाई ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8.4 ओवर में ही प्राप्त के लिया। भिलाई के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को 91 रन तक सीमित रखा। टीम ने यह मुकाबला 7 विकेट से जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम की। प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक यादव रहे, जिन्होंने शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर में 11 रन देखकर, 3 विकेट लिए। टीम के कप्तान आशीष मिंज के नेतृत्व में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन समन्वय और जुझारूपन दिखाया।

विजेता टीम को पुरस्कृत करने आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि एसबीआई क्षेत्र एक के सहायक महाप्रबंधक दीपक कुमार सिंहा ने भिलाई टीम को बधाई दी और उनके खेल कौशल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं है, बल्कि टीम भावना, कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतीक है। भिलाई टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। भिलाई टीम के खिलाड़ी विनीत नायर ने कहा हमें अपनी टीम पर गर्व है। यह जीत सभी खिलाड़ियों के अथक प्रयास और टीम वर्क का परिणाम है। भिलाई पहुंचने पर टीम का भव्य स्वागत क्षेत्रीय सहायक महाप्रबंधक रूपक मंडल व समस्त आरबीओ टीम, एसएमईसीसी, आरएसीपीसी, मुख्य शाखा सेक्टर-1 के समस्त स्टाफ ने किया व मेडल पहनाकर टीम को सम्मानित किया। इस अवसर पर सुष्मिता बोस, विवेक राय, निशेष कश्यप,वरुण शुक्ला, अविनाश हरित, गौरव पोद्दार, अरुण वर्मा, विशेष रूप से उपस्थित थे।

● पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

# गुरु घासीदास जयघोष के साथ निकली भव्य शोभायात्रा ट्विनसिटी में सत्य, समरसता व मानवता का गूंजा संदेश

**भिलाई। गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर से एक दिन पहले बुधवार भिलाई में भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं। श्वेत वस्त्रों में सजे सतनामी समाज के लोग बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए और पूरे मार्ग में उत्साह और अनुशासन के साथ आगे बढ़े। सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन से निकाली गई शोभायात्रा में धुमाल की गूंज और आकर्षक झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। झांकियों के माध्यम से बाबा गुरु घासीदास के सत्य, अहिंसा और मनखे-मनखे एक समान के संदेश को प्रस्तुत किया गया। रैली में शामिल लोगों ने सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश आमजन तक पहुंचाया। यह शोभायात्रा सेक्टर-6 सतनाम भवन से प्रारंभ होकर सुपेला, पावर हाउस ओवरब्रिज होते हुए सेक्टर एरिया का भ्रमण करती हुई पुनः सतनाम भवन पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। आयोजन में सैकड़ों की संख्या में समाजजन और श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे क्षेत्र में उत्सव और एकता का वातावरण बना रहा। सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन को भी आकर्षक रूप से सजाया गया है।**





#### धुमाल की थाप और पंथी नृत्य के बीच श्रद्धालु थिरकते रहे

बुधवार को भिलाई में सतनाम पंथ की आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य देखने मिला। शोभा यात्रा सतनाम भवन से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी। शोभा यात्रा में ध्वज के साथ-साथ झंडे धारण किए श्रद्धालु बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाते हुए झूमते-नाचते नजर आए। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। पूरे वातावरण में जय सतनाम के जयघोष गूंजते रहे। धूमाल की थाप पर बाबा के संदेशों को आत्मसात करते हुए उत्साहपूर्वक नृत्य करते दिखाई दिए। इस अवसर पर पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन किया गया, जिसने लोगों का मन मोह लिया। वहीं पंथी पार्टी ने अपने भजन, गीत और संदेशों के माध्यम से सतनाम पंथ की विचारधारा, सत्य, अहिंसा और मानवता का संदेश दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने शोभा यात्रा को और भी भव्य एवं यादगार बना दिया। आयोजकों ने बताया कि इस शोभा यात्रा का मुख्य उद्देश्य बाबा गुरु घासीदास के सतनाम संदेश सत्य के मार्ग पर चलने, नशामुक्त समाज बनाने और आपसी प्रेम व सद्भाव बनाए रखने को समाज तक पहुंचाना है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। आयोजक समिति ने सभी कलाकारों, दलों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

#### जिले में आज होंगे विविध आयोजन

दुर्ग जिले में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे, जिनमें मुख्य रूप से सत्य और मानव सेवा के संदेश के साथ नशामुक्ति अभियान, शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामुदायिक सेवाएं शामिल है। दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के क्षेत्र उतई, पाटन, जामुल, अहिवारा, नेवई, अंडा आदि क्षेत्रों में सत्य और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ शोभायात्राएं निकाली जाएंगी, जिसमें लोग सतनाम का जयकारा लगाएंगे। सतनामी समाज और अन्य सांस्कृतिक समूह बाबा गुरु घासीदास के जीवन और उपदेशों पर आधारित लोकगीत, नाटक प्रस्तुत करेंगे। गरीब और जरूरतमंदों के बीच भोजन, वस्त्र वितरण जैसे कार्य किए जाएंगे, जो उनके मनुष्यता की सेवा के संदेश को दर्शाते हैं। सतनामी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और प्रार्थना सभाएं आयोजित होंगी। सतनाम पंथ के अनुयायी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से गुरु बाबा का संदेश जन-जन तक पहुंचाएंगे।

## बाल कलाकारों ने पिता और बच्चों के बीच स्नेह भाव को गीत व नृत्य के माध्यम से किया प्रस्तुत

**भिलाई।** अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनौरा दुर्ग द्वारा आठवां वार्षिकोत्सव उत्कर्ष 2025-26 का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं बच्चों की नयनाभिराम प्रस्तुतियों ने तालियां बटोरी।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ ग्राम धनोरा की सरपंच रूलेश्वरी बंजारे, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल और संचालिका डॉ. मंजुलता अग्रवाल द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ के राज्यगीत की प्रस्तुति दी। कक्षा 10वीं की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। वहीं बाल कलाकारों ने पिता व बच्चों के बीच स्नेह भाव को गीत व नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसके अलावा भारतीय संस्कृति की सत्यता को दर्शाते हुये माता काली और रक्तबीज के मध्य तांडव नृत्य, नाटक मिशन सिंदूर और हमारी धरोहर छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शको को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों को दर्शाते हुये राजस्थानी, गुजराती, तेलुगू, पंजाबी जैसे गानों पर शानदार प्रस्तुति देकर अभिभावको का मन मोह लिया।



#### समस्त शिक्षिकाओं और गैर शैक्षणिक स्टाफ का भी किया सम्मान

वार्षिकोत्सव की मुख्य अतिथि स्नेहा गिरपुंजे, डीएसपी, पुलिस एकेडमी रायपुर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। संस्था के चेयरमैन द्वारा अतिथियों का शॉल, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल धनोरा की प्राचार्या शिवानी वर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट एवं भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा व्यक्त की। अतिथियों एवं विद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा कक्षा के मेरिट छात्रों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। अग्रसेन ग्रुप के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा सभी को आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षिकाओं एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ का स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में अग्रसेन ग्रुप के अतिरिक्त संचालक श्रीकांत दासगुप्ता, अग्रसेन प्रा आईटीआई भिलाई के प्राचार्य अश्वनी गौर, अग्रसेन प्रा आईटीआई धनोरा के प्राचार्य थानेंद्र राहंगडाले, अग्रसेन पब्लिक हाई स्कूल कोहका की प्राचार्या प्रीति नारखेड़े सहित अन्य स्टाफ अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## सीएम विष्णुदेव ने केबिनेट मंत्रियों के साथ किया बोतलबंद पानी को लॉन्च



**भिलाई।** विधानसभा शीतकालीन सत्र के तृतीय दिवस सदन के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के साथ विधायक रिकेश सेन द्वारा वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए जनसेवार्थ निःशुल्क वितरण होने वाले फिल्टर्ड बोतलबंद पानी को लांच किया। विधायक सेन ने वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत होने वाले सभी सांस्कृतिक, सामाजिक, प्रशासनिक, वैवाहिक सहित विभिन्न आयोजनों में जरूरतमंदों को निःशुल्क बोतलबंद फिल्टर्ड वाटर की पेटियां प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह बोतलबंद पानी 200, 500 मिली सहित एक लीटर में वैशाली नगर विधानसभा के आयोजनों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है जिसका ब्रांड नेम रिकेश सेन एमएलए है। रायपुर में लान्चिंग के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक रिकेश सेन द्वारा वैशाली नगर विधानसभा में निःशुल्क मिनरल वॉटर की इस व्यवस्था को अद्भुत और अनुकरणीय बताते हुए इस पहल को सराहा। उन्होंने वैशाली नगर विधायक कार्यालय में 12 दिसंबर से प्रारंभ की गई श्रीराम रसोई के लिए भी विधायक रिकेश सेन को बधाई दी। गौरतलब हो कि विधायक कार्यालय वैशाली नगर में मई दिवस से शुरू हुआ हेलमेट बैंक भी खासी चर्चा में है। 1 रूपये प्रतिदिन किराये पर हेलमेट मिलने से सैकड़ों युवा दुपहिया चलाते समय जहां हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाना पसंद करने लगे हैं, वहीं यातायात नियमों और सड़क पर सुरक्षित वाहन चालन को श्री सेन का यह अभियान लगातार प्रोत्साहित कर रहा है।

धमधा में विज्ञान व संस्कृत शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

कार्नर न्यूज

## विज्ञान और 46 संस्कृत के शिक्षकों दिया गया प्रशिक्षण, छह स्तरों के आधार पर कौशल आधारित प्रश्न निर्माण का अभ्यास भी कराया

**भिलाई।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से विकासखंड स्त्रोत केंद्र, धमधा में कक्षा छठवीं के विज्ञान एवं संस्कृत विषय के शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को कौशल आधारित, गतिविधि आधारित एवं छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था। प्रशिक्षण का शुभारंभ विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केशव पटेल की उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण में 56 विज्ञान और 46 संस्कृत विषय के शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही ब्लूम टैक्सनॉमी के छह स्तरों के आधार पर कौशल आधारित प्रश्न निर्माण का अभ्यास कराया गया। विज्ञान विषय में मास्टर ट्रेनर के रूप में मनोज कुमार साहू, प्रमोद कुमार कुर्रे, मंजू सिंह ने प्रशिक्षण प्रदान किया। विज्ञान विषय में अध्यापन को तर्कशील चिंतन, सृजनशीलता एवं दैनिक जीवन से जोड़ने, कला, कौशल एवं खेल को विज्ञान शिक्षण में समाहित करने, नई शिक्षा नीति के अनुरूप आकलन के प्रकार, भारतीय ज्ञान परंपरा, अष्टांग योग एवं पंचकोश सिद्धांत पर आधारित शिक्षण की जानकारी दी गई।





#### संस्कृत शिक्षण पर दिया विशेष बल

कक्षा छठवीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों जिज्ञासा, कृति, खेल यात्रा एवं कौशल बोध की अवधारणाओं एवं उनके व्यवहारिक उपयोग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संस्कृत विषय में व्याकरण ज्ञान, काल रचना, कारक रचना तथा गतिविधि आधारित संस्कृत शिक्षण पर विशेष बल दिया गया। संस्कृत विषय का प्रशिक्षण श्रीमती सुनीता जनार्दन एवं कुमारी मधु साहू द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दो दिवसों में कला, योग एवं कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। खेल एवं योग शिक्षा का प्रशिक्षण डीपी शर्मा (सेवानिवृत्त व्याख्याता, धमधा) ने और वहीं कला शिक्षण के अंतर्गत नृत्य कला में त्रिलोक चंद्र चौधरी, गायन में सुजीता ताम्रकार एवं मधु साहू तथा वादन में विजय बंजारे ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के समापन सत्र में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेनी राम वर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केशव पटेल, संकुल समन्वयक किशोर तिवारी एवं वीरेंद्र देवांगन उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए शिक्षकों से प्राप्त ज्ञान को कक्षा शिक्षण में प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## खबर संक्षेप

### स्वदेशी संकल्प यात्रा 19 को पहुंचेगी भिलाई

**भिलाई।** स्वदेशी संकल्प यात्रा आगमन 19 दिसंबर को भिलाई में होगा। कैट के प्रदेश सचिव एवं भिलाई प्रभारी दिनेश सिंघल ने बताया कि इस दिन सुबह 11:30 बजे हुडको पेट्रोल पंप के पास स्टील सिटी चैंबर के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा स्वदेशी संकल्प यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। स्वदेशी के प्रचार प्रसार के लिए 2500 किलोमीटर की यात्रा पर निकला यह रथ श्रीराम चौक, अस्पताल सेक्टर होते हुए नेहरू नगर से सुपेला, पावर हाउस, आकाशगंगा से सिविक सेंटर पहुंचेगा।

# बीएसपी में कम हो रहे नियमित कर्मी, ठेका मजदूरों पर बढ़ रही निर्भरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


भिलाई इस्पात संयंत्र में निरंतर मेन पावर कम होने से चौतरफा नुकसान हो रहा है। नियमित कर्मचारियों के साथ ठेका मजदूरों पर वर्कलोड बढ़ रहा है और प्रबंधन की परेशानी और उत्पादन लक्ष्य भी प्रभावित हो रहा है। यूनियनों ने संतुलन बनाने के लिए वर्क फोर्स बढ़ाने की मांग की है।

पिछले एक डेड़ दशक से बीएसपी में मेन पावर क्राइसेस लगातार बढ़ता जा रहा है। लंबे समय से यहां कर्मचारी व अधिकारी रिटायर हो रहे है और भर्ती नहीं हो रही है। हर माह थोक में कार्मिक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। नवंबर महीने में 79 कार्मिक रिटायर हो हुए इस माह में करीबन 70 लोग सेवानिवृत्त हो रहे हैं। बीस साल पहले बीएसपी में तीस हजार से अधिक मेन पावर कार्यरत था जो आज महज 14 हजार में सिमट गया है। इसमें सिर्फ 12 हजार कर्मी और ढाई हजार अधिकारी हैं। यूनियनों के मुताबिक एक ओर नियमित कार्मिकों की संख्या कम हो रही है वहीं दूसरी ओर ठेका मजदूर बढ़ रहे हैं। वर्तमान में 25 हजार ठेका मजदूर काम कर रहे हैं। नियमित कर्मियों के कम होने से रेगुलर के साथ ठेका मजदूरों पर वर्क लोड बढ़ रहा है। वर्क्स एरिया में जिन अनुभागों में बहुत कम संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं वहां उन पर और ठेका श्रमिकों पर काम का दबाव बढ़ रहा है। कुछ अनुभागों में तो आपरेशन और उत्पादन कार्य को छोड़कर श्रमिकों पर निर्भरता बढ़ रही है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि बीएसपी में मेन पावर कम होने से कर्मियों श्रमिकों के साथ कामकाज पर भी असर पड़ रहा है।

### उत्पादन व एक्सपांशन लक्ष्य प्रभावित

बीएसपी में मेन पावर कम होने से बीएसपी सहित सेल का उत्पादन और बीएसपी का विस्तारीरण लक्ष्य भी प्रभावित हो रहा है। यूनियनों के मुताबिक सेल का उत्पादन लक्ष्य आगे करीबन 30 मिलियन टन है । वहीं बीएसपी का विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण परियोजना शुरु होना है। लेकिन मेन पावर कम होने से यह दोनों काम प्रभावित हो रहे हैं। यूनियनों के मुताबिक बीएसपी में कई अनुभवी व जानकार टेक्नोक्रेट, टेक्निशियन और प्रबंधक रिटायर हो चुके हैं और अनेक जल्द रिटायर होने वाले हैं। इसका प्रभाव अब तक शुरु नहीं हुए एक्सपांशन प्रोजेक्ट पर पड़ेगा।

### संयंत्र का विस्तारीकरण व आधुनिकीकरण परियोजना लक्ष्य होगा प्रभावित



### ठेका मजदूरों पर बढ़ी निर्भरता

बीएसपी में नियमित कर्मियों की तादाद बढ़ने से ठेका मजदूरों पर काम का दबाव बढ़ने के बाद भी उनका वेतन व सुविधाएं नहीं बढ़ाई जा रही हैं। नियमित व ठेका मजदूरों की वेतन में जमीन आसमान का अंतर है। जबकि काम उन्हें विपरीत परिस्थियों और अल्प संसाधनों में 8 से 10 घंटे करना पड़ रहा है।ठेका मजदूर यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू बताते हैं कि ठेका मजदूरों की बढ़ती तादाद और काम को देखते हुए वेतन और सुविधाएं बढ़ाने की जरुरत है। मजदूरों को एस - 11 के बराबर वेतन की मांग लंबे समय से की जा रही है। एनजेसीएस में पांच साल पूर्व मांग की गई थी लेकिन सेल प्रबंधन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# अवैध मदिरा जब्त, आरोपी को भेजा गया जेल




**दुर्ग।** सुबह भोर गश्त के दौरान आबकारी विभाग द्वारा वृत-दुर्ग आंतरिक दक्षिण में अवैध शराब के विक्रय, परिवहन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर पाटन सिकोला मार्ग थाना पाटन में आरोपी देवेंद्र बया निवासी खोरपा अभनपुर के कब्जे से 55 पाव मसाला मदिरा तथा एक स्कूटी पेप प्लस क्रमांक सीजी 04 एनए 3513 जब्त कर 34 (2) का प्रकरण कायम कर आरोपी को जेल दाखिला कराया गया। उक्त प्रकरण वृत्त प्रभारी अरविन्द साहू द्वारा विवेचना में लिया गया है। इस प्रकरण में मुख्य आरक्षक संतोष दुबे, आरक्षक देव पटेल, ड्राइवर नोहर का विशेष योगदान रहा।

# मनखे-मनखे एक समान

**बाबा गुरु घासीदास जी जयंती विशेष**


सत्य, अहिंसा और समानता के उपासक बाबा गुरु घासीदास जी ने "मनखे-मनखे एक समान" का अमर संदेश दिया। उनकी जयंती समाज को नैतिक मूल्यों की ओर लौटने की प्रेरणा देती है।









# मानवता और समानता का संदेश

## परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती पर विशेष





परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी छत्तीसगढ़ की महान विभूति थे, जिन्होंने समाज को सत्य, समानता और मानवता का संदेश दिया। उनकी जयंती हमें उनके आदर्शों को स्मरण कर समाज में समरसता और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है।

परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी छत्तीसगढ़ की धरती के महान संत, समाज सुधारक और सतनाम पंथ के प्रवर्तक थे। उनकी जयंती केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सत्य, समानता और मानवता के मूल्यों को स्मरण करने का पावन अवसर है। बाबा जी ने अपने विचारों और कर्मों से समाज को अंधविश्वास, भेदभाव और कुरीतियों से मुक्त करने का मार्ग दिखाया।बाबा गुरु घासीदास जी का जन्म 18 दिसंबर 1756 को छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी (वर्तमान बलौदाबाजार-भाटापारा जिला) में हुआ था।

उन्होंने बचपन से ही सत्य और आत्मचिंतन का मार्ग अपनाया। कठिन तपस्या के बाद उन्हें "सतनाम" का ज्ञान प्राप्त हुआ, जिसका अर्थ है—सत्य ही ईश्वर है। इसी सिद्धांत को उन्होंने अपने जीवन का आधार बनाया और समाज को भी यही संदेश दिया।बाबा जी का सबसे बड़ा योगदान सामाजिक समानता की स्थापना था। उन्होंने ऊँच-नीच, जाति-पाति और छुआछूत का कड़ा विरोध किया। उनका स्पष्ट संदेश था—"मनखे-मनखे एक समान", अर्थात सभी मनुष्य समान हैं। उन्होंने नारी सम्मान, श्रम की गरिमा और नैतिक जीवन पर विशेष बल दिया। बाबा जी ने समाज को नशा, हिंसा और पाखंड से दूर रहने की प्रेरणा दी।

सतनाम पंथ के माध्यम से बाबा गुरु घासीदास जी ने लाखों लोगों को आत्मसम्मान और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। आज भी उनके अनुयायी उनके उपदेशों का पालन करते हुए सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को मजबूत कर रहे हैं। गिरौदपुरी धाम, जहाँ उन्होंने तपस्या की, आज आस्था और प्रेरणा का प्रमुख केंद्र है।

बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती हमें यह संकल्प लेने का अवसर देती है कि हम उनके बताए मार्ग–सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता–पर चलें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और एक समरस, न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में हमारा मार्गदर्शन करते हैं।











